भारत - केप वर्डे संबंध

राजनीतिक संबंध :

अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर नियमित रूप से सहयोग होता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की उपलब्धियों एवं इसकी छवि के लिए केप वर्डे में भारत की काफी सराहना होती है। हमारे संबंध मधुर एवं मैत्रीपूर्ण हैं। तत्कालीन विदेश मंत्री महामहिम श्री जोश ब्रिटोने नवंबर 2009 में भारत का दौरा किया था।

वाणिज्यिक संबंध / द्विपक्षीय व्यापार :

(मूल्य मिलियन अमरीकी डालर में)

वर्ष	भारत का निर्यात	भारत का आयात	कुल व्यापार	वृद्धि (प्रतिशत में)
2011-2012	0.47	3.36	3.83	48.98
2012-2013	0.95	3.92	4.37	14.06
2013-2014	1.43	3.18	4.61	5.48
2014-2015	4.12	2.97	7.09	53.93
2016-2017 (अप्रैल - सितंबर)	0.63	1.67	2.30	-

स्रोत : आयात - निर्यात डाटाबेस, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार

भारत मुख्य रूप से दवाओं एवं भेषज पदार्थों, प्लास्टिक एवं लीनोलियम उत्पादों तथा मानव निर्मित फाइबर का निर्यात करता है।

छात्रवृत्ति

वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए, आई सी सी आर के तहत नाइजर को 9 छात्रवृत्ति स्लाट आबंटित किए गए हैं।

अनुदान / ऋण :

केप वर्डे में एक स्वास्थ्य देखरेख केन्द्र के जीर्णोद्धार का वित्त पोषण आई बी एस ए अनुदान से किया गया। भारत सरकार ने केप वर्डे में एक प्रौद्योगिकी पार्क परियोजना की स्थापना के लिए 5 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण सहायता का प्रस्ताव किया है। डेंगू बुखार से निपटने के लिए केप वर्डे सरकार को वर्ष 2010 में भारत सरकार द्वारा 50,000 अमरीकी डालर की सहायता भी प्रदान की गई थी। अक्टूबर 2012 में भारत सरकार ने केप वर्डे सरकार के 'एक नई दुनिया' नामक कार्यक्रम के लिए कंप्यूटरों की आपूर्ति के रूप में सहायता प्रदान की।

भारत - अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन III :

भारत - अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन III (आई ए एफ एस-III) में भाग लेने के लिए केप वर्डे के शिष्टमंडल को निजी तौर पर आमंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री के विशेष दूत (एस ई पी एम) तथा ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री सुदर्शन भगत ने सितंबर 2015 में केप वर्डे का दौरा किया। विदेश मंत्री श्री टोलेंटिनी अरौजो जॉर्ज के नेतृत्व में केप वर्डे के शिष्टमंडल ने 26 से 29 अक्टूबर 2015 के दौरान आई ए एफ एस-III में भाग लिया।

भारतीय समुदाय :

केप वर्डे में भारतीय समुदाय बहुत छोटा है।

जनवरी, 2016